आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 09.10.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। दोनों नेताओं ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, रक्षा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में सेब महोत्सव का उदघाटन किया। कहा– राज्य सरकार, कृषि के विविधीकरण पर विशेष बल दे रही है।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य में झुग्गी बस्तियों का फिर से सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए।
- हेमकुंड साहिब और लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट कल शीतकाल के लिए बंद होंगे।

संयुक्त प्रेस वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और ब्रिटेन स्वाभाविक साझेदार हैं और लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून का शासन उनके संबंधों की नीव है। मुंबई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति के प्रति संकल्पबद्ध हैं।

भारत–ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते के बारे में श्री मोदी ने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा जिससे उद्योग और ग्राहक दोनों को लाभ होगा।

सेब महोत्सव

देहरादून में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक की ओर से सेब महोत्सव आज से शुरू हुआ। महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह महोत्सव राज्य की कृषि क्षमता, मेहनत और किसानों की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। श्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार, कृषि के विविधीकरण पर विशेष बल दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बागवानी, सुगंधित और औषधीय पौधों, डेयरी, मत्स्य पालन, रेशम उत्पादन, मधुमक्खी पालन तथा मशरूम उत्पादन जैसे क्षेत्रों को प्रोत्साहित कर रही है।

नाबार्ड की ओर से कृषि के विभिन्न आयामों पर आधारित 20 नवाचार पायलट परियोजनाओं की जानकारी देते हुए श्री जोशी ने कहा कि इसमें जैविक उत्पादों की ट्रेसबिलिटी, मोरिंगा आधारित एकीकृत कृषि मॉडल, फार्म टूरिज्म, प्राकृतिक खेती, औषधीय एवं सुगंधित पौधों पर आधारित मॉडल और शून्य ऊर्जा कूल चैंबर जैसे अभिनव प्रयोग शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ–साथ ग्रामीण आजीविका के अवसरों को सृजित करना और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है।

टोबैको फ्री यूथ

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज नई दिल्ली में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रीमति पटेल ने कहा कि देश के युवाओं का एक बड़ा हिस्सा तंबाकू की लत से परेशान है।

इधर, रुद्रप्रयाग जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में टोबैको फ्री यूथ कैंपेन शुरू हो गया है। 60 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले के 30 गांव को तंबाकू मुक्त ग्राम और 400 स्कूलों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के बारे में आम लोगों को जागरूक किया जाएगा।

प्रतियोगिता संपन्न

बागेश्वर में जिला स्तरीय विद्यालयी वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में अंडर–19 वॉलीबॉल का खिताब कांडा ने अपने नाम किया। अंडर–14 कबड्डी बालक वर्ग में कपकोट ने बाजी मारी। वहीं अंडर–14 कबड्डी बालिका वर्ग में कपकोट की बालिका टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर पर जिला खेल समन्वयक कमलेश तिवारी ने कहा कि, खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम ही नहीं बल्कि टीम भावना, अनुशासन और मानसिक मजबूती को विकसित करने का सशक्त जरिया है। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया।

छठे देहरादून इंटरनेशनल

प्रदेश में स्थित राष्ट्रीय महत्व के वैज्ञानिक संस्थानों का राज्यहित में अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए सुसंगठित प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। देहरादून में आज छठे दून इंटरनेशनल साईंस एंड टेक्नोलॉजी फेस्टीवल के पोस्टर एवं ब्रोशर का विमोचन करते हुए मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि समाज और युवा पीढी को विज्ञान और तकनीकी से जोड़ने के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि हिमालयी राज्य होने के कारण उत्तराखण्ड के लिए विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी अत्यधिक आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देहरादून और प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर के कई वैज्ञानिक व शैक्षिक संस्थान मौजूद हैं, जिनका राज्यहित में समय–समय पर सहयोग लिया जाता है। मुख्य सचिव ने इस दौरान यूकॉस्ट और विज्ञान और प्रोद्यौगिकी विभाग को इस दिशा में कारगर पहल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पुनः सर्वेक्षण

उत्तराखंड में झुग्गी–बस्तियों का पुनः सर्वे कराया जाएगा। मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। सचिवालय में प्रदेश में झुग्गी बस्तियों के पुनर्विकास से सम्बंधित बैठक में मुख्य सचिव ने वर्ष 2011–12 में किए गए सर्वे में चिन्हित श्रेणी 1 एवं श्रेणी 2 के पात्र लोगों का स्थानीय निकायों और जिलाधिकारियों की सहायता से अभियान चला कर विनियमित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झुग्गियों के पुनर्विकास के लिए गठित जिला स्तरीय समितियों की बैठकों को आयोजन किया जाए।

हेमकुंड साहिब

चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब और लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट कल शीतकाल के लिए बंद होंगे। इसे लेकर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के साथ ही जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि इस वर्ष भारी बारिश और खराब मौसम के बावजूद हेमकुंड साहिब में लाखों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका।

लीलियम की खेती

चमोली जिले में लीलियम की खेती से काश्तकारों की आय बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। जिला योजना के माध्यम से विभाग ने दशोली विकास खंड के रौली, मंडल, बैरागना और कोटेश्वर गांव के 12 काश्तकारों को लीलियम के 24 हजार बल्ब वितरित किए। मुख्य उद्यान अधिकारी नितेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले दो सालों से विभाग की ओर से 16 काश्तकारों के साथ पायलट प्रोजेक्ट के तहत लीलियम का उत्पादन किया जा रहा है। इससे काश्तकारों को बेहतर आय प्राप्त हो रही है।
गौरतलब है कि इस वर्ष जिले में लीलियम के उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है। इसके तहत जिला योजना के माध्यम से 19 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि इससे काश्तकारों की आय में वृद्धि होने के साथ ही आजीविका के संसाधनों को मजबूती मिलेगी।

दमकल विभाग

दीपावली के त्यौहार को लेकर हल्द्वानी दमकल विभाग पूरी तरह से सतर्कता बरत रहा है। विभाग ने बढ़ती भीड़ और आतिशबाजी के दौरान संभावित आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए शहर भर में सुरक्षा इंतजामों की जांच शुरू कर दी है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार और फायर स्टेशन ऑफिसर एम.पी. सिंह के नेतृत्व में दमकल टीम ने आज शहर के विभिन्न पटाखा गोदामों और दुकानों का फायर सेफ्टी निरीक्षण किया। श्री किरार ने बताया कि हल्द्वानी क्षेत्र में इस वर्ष कुल पांच हजार किलोग्राम क्षमता वाले एक गोदाम और 12 दुकानों को मानकों के अनुरूप आतिशबाजी का लाइसेंस जारी किया गया है। इसके अलावा, भीड़भाड़ वाले इलाकों में दमकल वाहन तैनात किए गए हैं।

बाल देखरेख संस्थाओं

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सचिवालय परिसर में राजकीय बाल देखरेख संस्थाओं के बच्चों और सरकारी महिला गृहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों से इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए इन्हें सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य करने को कहा। मुख्य सचिव ने महिला गृहों की संवासिनियों की प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही बाल देखरेख संस्थाओं में रहने वाले बच्चों की शिक्षा और प्रशिक्षण के लिये भी विशेष प्रयास करने को कहा।